भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2231

10 दिसम्बर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बुंदेलखंड, उत्तर प्रदेश में बाल चिकित्सालय

2231. श्री आर.के. सिंह पटेल:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा और चित्रकूट जिलों में 200 बिस्तरों वाला कोई बाल चिकित्सालय बनाया गया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इन अस्पतालों के कब तक आरंभ होने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): उत्तर प्रदेश सरकार से मिली जानकारी के अनुसार बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा और चित्रकूट जिलों ने बच्चों के लिए 200 बिस्तरों वाले किसी भी सरकारी सुविधा केन्द्र का निर्माण नहीं किया है। दोनों जिलों के जिला अस्पतालों में विशेष नवजात परिचर्या इकाइयों (एसएनसीयू) और पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) में बच्चों के लिए सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा, बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा और चित्रकूट जिलों में उप जिला स्तर पर नवजात स्थिरीकरण इकाइयां (एनबीएसयू) स्थापित की गई हैं।